दिनांक- 12-06-2024 को राजकीय महाविद्यालय अमोड़ी चम्पावत में राष्ट्रीय सेवा योजना का एक दिवसीय सामान्य शिविर आयोजित किया गया, प्राचार्य प्रो0 (डॉ0) अजिता दीक्षित की अध्यक्षता में आयोजित शिविर में स्वयंसेवियों द्वारा प्रथम सत्र में श्रमदान किया गया जिसके तहत स्वयंसेवियों द्वारा महाविद्यालय परिसर की साफ-सफाई की गई साथ ही महाविद्यालय के प्रांगण में पोधारोपण व फुलवारी के लिए क्यारियों का निर्माण किया गया।

बौद्धिक सत्र में स्वयंसेवियों हेतु कॅरियर काउंसिलिंग कक्षा आयोजित की गई, जिसका विषय था "पर्यटन एवं रोजगार के अवसर" जिसमें मुख्य वक्ता डॉ0 दिनेश कुमार गुप्ता (असि प्रो.) के द्वारा पयर्टन व रोजगार के अवसर पर व्या ाख्यान दिया गया। जिसमे पर्यटन के बारे में चर्चा, उत्तराखण्ड व भारत में पर्यटन की संरचना, वैश्विक धरोहरों, पयर्टन से राजस्व तथा पयर्टन में रोजगार के अवसर पर विस्तार पूर्वक समझाते हुए उत्तराखण्ड के धार्मिक पयर्टन स्थलों जिसमें प्रसिद्ध चार धामों बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमनोत्री के बारे में बताते हुए पाकृतिक व साहसिक पयर्टनों जैसे फूलों की घाटी, पाताल भुवनेश्वर, कौसानी, नंदा देवी, त्रिशूल और पंचुली जैसी चोटियों तथा नौकुचियाताल, नैनीताल, भीमताल के बारे में बताया। साथ ही उत्तराखंड में हिमालय की वादियों के बीच मौजूद औली की भी चर्चा करते हुए यूनेस्कों सूची में भारत के वैश्विक धरोहरों जिसमें ताजमहल, कुतुबमीनार, अजंता की गुफाएं, एलोरा की गुफाएं, कोणार्क सूर्य मंदिर, नंदा देवी और फूलों की घाटी राष्ट्रीय उद्यान,गुलाबी शहर जयपुर इत्यादि के बारे में बताया। अपने व्याख्यान में उन्होने पयर्टन में रोजगार के अवसरो में टूरिस्ट गाइड, होटल निर्माण, आतिथ्य में कैरियर, ट्रैवल ब्लॉगर/कंटेंट क्रिएटर, इवेंट स्पेशलिस्ट ट्रैवल कंसल्टेंट, होमस्टेज, रिजार्ट्स, होटल्स में हाउसकीपिंग, कुक, पयर्टक ड्राइविंग आदि के बारे में समझाया। महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ0 संजय कुमार द्वारा पहाड़ों में पर्यटन में रोजगार के स्रोत पर जानकारी प्रदान की गई। श्री अतुल कुमार मिश्र द्वारा पर्यटकों की आवश्यकता व अपने संसाधनों को देखते हुए साथ ही शिष्टता के साथ अपने काम को प्रारम्भ करने पर जोर दिया गया। डॉ. रंजना सिंह द्वारा होम स्टे की संकल्पना पर अपने विचार रखे। डॉ0 रेखा मेहता द्वारा पहाड़ के स्थानीय उत्पादो की ब्रान्डिंग करके अपना स्वरोजगार शुरू करने पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती पुष्पा द्वारा किया गया। जिसमें उन्होने पयर्टन के क्षेत्र में आगे बढ़नें हेतु विद्यार्थियों को प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ0 अजिता दीक्षित के द्वारा विद्यार्थियों को इस क्षेत्र में अवसर तलाशनें तथा अपना कैरियर बनाने हेतु प्रेरित किया और सभी के उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर कार्यालयी प्रधान सहायक श्री हरीश चन्द्र जोशी, श्री महेश लाल व दशरथ सिंह बोहरा एवं समस्त विद्यार्थी देवेन्द्र सिंह नेगी, लक्ष्मण सिंह, चांदनी, अंजली, भागीरथी, विमला, पूजा, निर्मला, ऊषा इत्यादि उपस्थित थे।

धन्यवाद

कार्यक्रम अधिकारी

श्रीमती पुष्पा

प्राचार्य

डॉ0 अजिता दीक्षित